स्वच्छता महाभियान

चर्चा में क्यों?

5 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने **गोरखपुर जनपद के रैंपस स्कूल**, **शाहपुर** में आयोजित एक कार्यक्रम में एक सप्ताह तक संचालित होने वाले '**स्वच्छता महाभियान**' का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि **संचारी रोगों- इंसेपेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, हैजा, डायरिया** आदि की रोकथाम के लिये इस स्वच्छता महाभियान का शुभारंभ किया गया है।
- इसमें सफाई, जलनिकासी, सेनटिाइजेशन, फॉगिंग, छिड़िकाव जैसे कार्य किये जाएँगे। साथ ही पेयजल की शुद्धता का ध्यान रखने के लिये क्लोरीन की टेबलेट भी वितरित की जाएँगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि **वर्ष 1977-78 से 2017** तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में बच्चे **इंसेफेलाइटिस** के कारण जान गँवा देते थे, परंतु वर्ष 2014 में शुरू हुए **'स्वच्छ भारत अभियान'** के कारण इंसेपेलाइटिस से होने वाली मौत न्यूनतम स्तर पर है और यह बीमारी लगभग समाप्त हो चुकी है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाईकर्मियों को उपहार व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्वच्छता महाभियान में शामिल सफाईकर्मियों की टोली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cleanliness-drive